### 22 में से 17 फाइलों से बड़ा खुलासा, कितना रहस्यमय है हमारा नगर निगम छिंदवाड़ा

# वैध कॉलोनी में खसरे का खेल, ग्रीन लैंड और अवैध निर्माण को डीम्ड परमिशन से किया वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा, मनीष गड़करी

नगर निगम क्षेत्र में डीम्ड बिल्डिंग परमिशन की प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। शासन द्वारा आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई इस सुविधा का पंजीकृत कंसलटेंट्स ने खुलकर दुरुपयोग किया। वैध कॉलोनियों के खसरा नंबरों का इस्तेमाल कर ग्रीन लैंड पर स्थित भूखंडों और पहले से निर्मित अवैध भवनों को नियमों के विरुद्ध डीम्ड परमिशन के तहत वैध दिखाया गया। निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देश पर की गई जांच में 17 फाइलों में भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। शासन के प्रावधानों के अनुसार नगर निगम से कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त वैध कॉलोनियों में 2000 वर्गफीट तक के भूखंडों पर भवन निर्माण हेतु पंजीकृत कंसलटेंट के माध्यम से डीम्ड बिल्डिंग परमिशन की सुविधा दी गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह ABPAS 3.0 पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है, जिसमें आवेदन के बाद स्वतः फीस जनरेट होती है और शुल्क भुगतान के पश्चात डीम्ड परमिशन प्राप्त हो जाती है। इस प्रक्रिया में नगर निगम के किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अनुमति जारी नहीं की जाती। जांच में यह तथ्य सामने आया कि इसी स्वचालित प्रक्रिया की आड़ लेकर कंसलटेंट्स ने नियमों को ताक पर रख दिया। वैध कॉलोनियों के खसरा नंबरों का उपयोग करते हुए ऐसे भूखंडों के लिए आवेदन किए गए, जो वास्तविक रूप से ग्रीन लैंड पर स्थित थे या वैध कॉलोनी की श्रेणी में आते ही नहीं थे। कई प्रकरणों




में यह भी पाया गया कि निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका था, बावजूद इसके बिना पूर्व अनुमति के किए गए निर्माण को बाद में डीम्ड बिल्डिंग परमिशन प्रक्रिया में शामिल कर वैध दिखाने का प्रयास किया गया। जांच के दौरान डीम्ड परमिशन के लिए प्रस्तुत किए गए तकनीकी दस्तावेज, नक्शे, भूमि उपयोग संबंधी विवरण और स्थल की वास्तविक स्थिति का गहन मिलान किया गया। इसमें स्पष्ट रूप से यह अंतर सामने आया कि कागजों में दिखाई गई स्थिति और जमीनी हकीकत एक-दूसरे से मेल नहीं खा रही थी। कई मामलों में भूमि की श्रेणी बदली हुई दर्शाई गई, तो कहीं निर्माण की स्थिति को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया।इन 17 प्रकरणों की जांच में पंजीकृत कंसलटेंट्स की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। जिन कंसलटेंट्स के नाम जांच में सामने आए हैं, उनमें कुंदन साहू, तुकेश विश्वकर्मा, अतुल सक्सेना और शैलेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हैं। जांच में पाया गया कि इनके द्वारा प्रस्तुत नक्शों एवं अभिलेखों में भूमि की श्रेणी, खसरा क्रमांक और निर्माण की स्थिति को लेकर कई स्थानों पर विरोधाभास है। वैध कॉलोनी के नाम और खसरों का सहारा लेकर आवेदन किए गए, जबकि आवेदक का मूल खसरा क्रमांक वैध कॉलोनी की सूची में शामिल ही नहीं था। निगमायुक्त सी.पी. राय ने आम जनता से अपील की है कि डीम्ड भवन अनुज्ञा लेते समय शासन द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। किसी भी कंसलटेंट के माध्यम से आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि संबंधित भूखंड वास्तव में वैध कॉलोनी की श्रेणी में आता है, अन्यथा भविष्य में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## कंसलटेंट्स पर गिरी सख्त कार्रवाई

जांच में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर संबंधित पंजीकृत कंसलटेंट्स कुंदन साहू, तुकेश विश्वकर्मा, अतुल सक्सेना एवं शैलेन्द्र श्रीवास्तव के पंजीयन निरस्त करने हेतु संचालनालय को पत्र भेज दिया गया है। नगर निगम सूत्रों की मानें तो इस मामले में आगे और भी फाइलों की जांच की जा सकती है, जिससे और नाम सामने आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा।

## 17 फाइलों में गड़बड़ी उजागर

डीम्ड बिल्डिंग परमिशन के नाम पर वैध कॉलोनियों के खसरों का दुरुपयोग कर ग्रीन लैंड और पहले से बने अवैध निर्माणों को वैध दिखाया गया।

### क्या है डीम्ड बिल्डिंग परमिशन?

2000 वर्गफीट तक के भूखंडों पर लागू
केवल वैध कॉलोनियों में मान्य
**ABPAS** 3.0 पोर्टल से ऑनलाइन प्रक्रियापंजीकृत कंसलटेंट के आवेदन पर स्वतः अनुमतिनगर निगम अधिकारियों की प्रत्यक्ष भूमिका नहीं जांच में क्या-क्या सामने आया ग्रीन लैंड को वैध कॉलोनी दर्शाया गयापहले से बने निर्माण को बाद में वैध करने की कोशिश

### खसरा नंबरों में हेरफेर

नक्शों और जमीनी स्थिति में भारी अंतर, भूमि की श्रेणी गलत दर्शाई गई जांच के घेरे में ये कंसलटेंटकुंदन साहूतुकेश विश्वकर्मा अतुल सक्सेनाशैलेन्द्र श्रीवास्तव (पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा, संचालनालय को पत्र) निगमायुक्त की आम जनता से अपील, डीम्ड भवन अनुज्ञा लेने से पहले शासन के नियमों और शर्तों की पूरी जानकारी लें। यह सुनिश्चित करें कि आपका भूखंड वास्तव में वैध कॉलोनी की श्रेणी में आता हो, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### सवाल जो खड़े होते हैं

क्या इससे पहले भी ऐसे मामले दबाए गए
?क्या अन्य कंसलटेंट्स की भूमिका की भी जांच होगी?
क्या डीम्ड परमिशन सिस्टम में तकनीकी सुधार होंगे?
क्या लाभार्थियों पर भी कार्रवाई होगी?

## नगर निगम में भ्रष्टाचार इतना की ऊपर से नीचे तक सब संलिप्त, चल रही ऑनलाइन रिश्वत

नगर निगम की कार्यप्रणाली को इसलिए रहस्यमयी कहा जा सकता है कि यहां पर हर कर्मचारी सिर्फ रिश्वत की ही राह देखता है। अगर कोई ईमानदार है भी तो इतने मामले सामने आ चुके है कि उस पर भी भरोसा करना संभव नहीं है। दैनिक वेतनभोगी ऑनलाईन रिश्वत लेने से नहीं चूक रहे है। मतलब यह है कि रिश्वत कल्चर इतना ज्यादा हो गया है कि अब ऑनलाइन रिश्वत का दौर शुरू हो गया है। क्योंकि कार्यवाही के नाम पर ऊपर बैठे अधिकारी बचाने को तैयार है तो डर किस बात का। निगम में एक, दो नहीं कई ऐसे मामले आ चुके है जिसमें ऑनलाईन ट्रांजेक्शन से रिश्वत ली गई है।

## फार्स क्लोज बिना जांच के बंद करते है सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की शिकायतें

निगम में कई बार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रदेश में कई बार अंडर 10 में आने का पुरूस्कार भी मिला है। परंतु हकीकत में कुछ और ही है। बहुत सारी ऐसी शिकायतें है और बिना कार्यवाही और निराकरण के निराकृत कर दी जाती है। अभी हाल ही में इंजीनियर शिव पन्द्राम ने 181 की शिकायत को बिना जांच, बिना मौके पर निरीक्षण किए बंद कर दिया। सूचना के अधिकार के तहत उनसे जब स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट मांगी गई तो बगले झांकते नजर आए। बहरहाल शिकायतकर्ता शिकायत करते करते ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त और उच्च न्यायालय की सीढ़ियों पर चढ़ने को मजबूर हो रहा है। सीएम हेल्पलाइन इन बड़े भ्रष्टाचारियों के सामने बौनी साबित हो रही है। ऐसे में अगर नगर निगम को रहस्यमयी नगर निगम कहे ता अतिश्योक्ति नहीं होगी।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासभा की ओर कर्मा जयंती सामूहिक विवाह का आयोजन पोला ग्राउंड 18 मार्च

**छिन्दवाड़ा।** सामाजिक एकता और कल्याण के प्रति समर्पित राष्ट्रीय तेली साहू महासभा द्वारा कर्मा जयंती के पावन अवसर पर सामूहिक विवाह का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 मार्च 2026 को छिंदवाड़ा के पोला ग्राउंड में संपन्न होगा।महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में सैकड़ों जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न कराया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा और सामुदायिक एकता को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में कर्मा जयंती के धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरक वक्तव्य भी शामिल होंगे। सभी साहू समाज बंधुओं से अपील की गई है कि वे इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। अधिक जानकारी के लिए महासभा के स्थानीय पदाधिकारियों श्री सोनू मुन्ना साहू जी श्री गिरीश जी गागीवाडा अशोक साहू गागीवाडा हेमंत साहू जयशंकर जी साहू से संपर्क करें।

## परीक्षा परिणाम एवं उच्च शिक्षा विभाग के गलत नियमों के विरोध में छात्र संगठन एन.एस.यू.आई. ने सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** आज पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने एकत्र होकर अपनी पूर्व में हुई परीक्षा परिणाम को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पीजी कॉलेज छात्र संघ एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अर्पित तिवारी ने बताया कि लगातार छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। छात्र छात्राओं के द्वारा दी जाने बाली परिक्षा में छात्र छात्राओं को सप्लीमेंट्री पर सप्लीमेंट्री का यह सिलसिला कई वर्षो से चला आ रहा है जहां छात्र छात्राओं को दो-दो, चार-चार नंबरों से सप्लीमेंट्री दे दी जाती है ताकि छात्र छात्राओं के द्वारा सप्लीमेंट्री परीक्षा का फॉर्म भरा जाए और कॉलेज प्रशासन छात्र छात्राओं से मोटी फीस वसूल सके। महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा एक नियम लागू है जिससे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है। छात्र नेता के द्वारा बताया गया कि प्रथम वर्ष में यदि छात्र छात्राओं को सप्लीमेंट्री आती है तो वह द्वितीय वर्ष में प्रमोशन शुल्क अदा करके एडमिशन ले सकते है यदि पुनः सप्लीमेंट्री पर सप्लीमेंट्री दे दी जाती है तो वह छात्र द्वितीय वर्ष के एग्जाम नहीं दे सकते परन्तु उन छात्र छात्राओ का एडमिशन द्वितीय वर्ष में प्रमोशन शुल्क के लालच में उच्च शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार दे दिया जाता है और तो और छात्र छात्राओं से महाविद्यालय प्रशासन द्वितीय वर्ष के प्रोजेक्ट भी जमा करवा लेता है एक प्रकार से यह बहुत ज्यादा गलत नियम है। अतः छात्र छात्राओं ने निवेदन किया कि उन्होंने यदि द्वितीय वर्ष में एडमिशन दिया गया है साथ में प्रोजेक्ट भी जमा करवाया गया हे तो उन्हें द्वितीय वर्ष की परीक्षा में बैठने दिया जाय क्योंकि वह प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण नहीं हुए हैं और तो और द्वितीय वर्ष में सभी छात्र छात्राओं को सीटें आवंटित भी की गई है ।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने 5 गंभीर मरीजों को दिलाई 1 लाख 85 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 5 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 1 लाख 85 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को पत्र प्रेषित कर मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम बिजोरीगुमाई निवासी संतोष पिता सेवकराम पवार को 40 हजार एवं छिन्दवाड़ा निवासी मनीष पिता शंकरराव कराड़े को 35 हजार की राशि दी है इन दोनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा वहीं जुन्नारदेव निवासी रितेश पिता कैलाश कहार को 40 हजार, हिर्री मुकासा निवासी सत्यभान पिता निहाल सिंह राठौर को 45 हजार एवं सौंसर के ग्राम काजलवानी निवासी कुमारी समायरा पिता सचिन मसराम को 25 हजार की आर्थिक सहायता अपनी स्वेच्छानुदान निधि से स्वीकृत की है। इन तीनों मरीजों का इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा।

## 6 वाहनों पर 7100 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज भूराभगत में प्रारंभ हुये महादेव मेले पर संचालित हो रहे छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि महादेव मेले पर संचालित हो रहे छोटे-बड़े वाहनों की जांच में मुख्यतः यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, किराया सूची, आपातकालीन द्वार पर दरवाजा लगा होना, अग्निशामक यंत्र साथ ही वाहन संबंधी समस्त दस्तावेजों, महाराष्ट्र राष्ट्र राज्य की सीमा से संचालित हो रहे वाहनों का मोटरयान कर, यात्रियों की ओवरलोडिंग की सघनता से जांच की गई।

## श्री भोलेनाथ सेवा समिति ने किया पूजन सामग्री का वितरण

**जुन्नारदेव। स्थानीय** सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री भोलेनाथ सेवा समिति धार्मिक न्यास, पहली पायरी - जुन्नारदेव विशाला के तत्वावधान में आज एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशाला प्रांगण



स्थित सभी मंदिरों के लिए मासिक पूजन सामग्री का वितरण किया गया।सहयोग से सेवा का संकल्पसमिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पुनीत कार्य क्षेत्र के व्यापारी बंधुओं, श्रद्धालुओं, पत्रकारों और समाजसेवियों के सक्रिय सहयोग से निरंतर संचालित किया जा रहा है। आज दोपहर 02 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जनों ने प्रत्यक्ष उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ हुई। इसके पश्चात विशाला क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों और प्रतिनिधियों को आगामी माह के लिए आवश्यक पूजन सामग्री भेंट की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और धार्मिक चेतना को जागृत रखना है। इस अवसर पर श्री भोलेनाथ सेवा समिति के समस्त सदस्य, इस अवसर पर श्री भोलेनाथ सेवा समिति के समस्त सदस्य, व स्थानीय व्यापारी व अन्य व्यापारी गण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## आरईएस विभाग को लेकर सरपंचों ने जताई नाराजगी

### निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर तथा जिपं सीईओ के संज्ञान में लाकर किया जाएगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जनपद पंचायत परासिया के सरपंचों ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष जाहिर करते हुये अपनी नाराजगी व्यक्त की है । सरपंच संघ की बैठक में सरपंचों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जिसमें आरईएस विभाग के कुछ उपयंत्रियों द्वारा जानबूझकर परेशान करने , अधिक कमीशन मांगने तथा टीएस में कई प्रकार की कटौती करने की बात कही गयी है । सरपंचों का यह भी आरोप था कि समय सीमा के भीतर इस्टीमेट और टीएस जारी नहीं किया जाता है । वेकोलि क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीन की उपलब्धता नहीं होने पर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में हो रही परेशानी से अवगत कराया गया । निर्णय लिया गया , कि जिस तरह पूर्व में पेंच महाप्रबंधक ने शौचालय , सांसद , विधायक निधि तथा पंच परमेश्वर की राशि से निर्माण के लिये अनापत्ति जारी की थी , इसी तरह अन्य शासकीय निर्माण कार्यो के लिये अनापत्ति जारी कराई जाये । पिछले दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों के आदेश पर टेंकर से पानी वितरित करने वाली पंचायतों को और एक वर्ष से अधिक अवधि बीतने के बाद भी सोकपिट बनाने वाली पंचायतों को भुगतान नही किया गया है ।

इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया , लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई । सरपंचों का कहना था , कि अधिकारी दबाव बनाकर कार्य करा लेते हैं , लेकिन भुगतान नहीं होने पर उन्हें बकायादारों के गुस्से का सामना करना पडता है । निर्माण कार्यों का इस्टीमेट बनाने तथा टीएस जारी करने की समय सीमा तय की जाये । सीएम हैल्प लाइन का दुरूपयोग करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से आदतन और बे वजह दबाव बनाया जा रहा है ।

सरंपच संघ अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने बताया , कि इन समस्याओं को लेकर सरपंच संघ का प्रतिनिधिमंडल जनपद सीईओ से चर्चा कर अपनी बात रखेगा । निराकरण नहीं होने पर जिला कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ के संज्ञान में लाकर आंदोलन किया जायेगा ।

बैठक में सरपंच संघ सचिव मोहन कहार, कोषाध्यक्ष साधना दास इकलेहरा, सरपंच गण भारती उइके अंबाडा, सुनील परतेती तीतरा प्रकाश नवरेती खमराजेठू , विनिता मरकाम लीखावाडी , नीरज कोलारे खजरीअंतू , उषा हरीशंकर परतेती पगारा, रिंकू डेहरिया मायावाडी, जयंवती कुमरे भाजीपानी, सुप्रिया पंद्राम खिरसाडोह, ललिता भलावी बीजागोरा, शक्ति भलावी छिंदा , अलकेश कुमरे पैजनवाडा सहित सरपंच उपस्थित रहे ।

## पार्क निर्माण में लीपापोती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में करीब 17 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण में लीपापोती की जा रही है । यहां लगने वाले पेवर्स की गुणवत्ता को लेकर सवालिया निशान लग रहे हैं । पार्क में लगाए गए झुले भी मजबूती से नहीं लगाए गए हैं । बताया जा रहा है , कि यहां पुरानी बाउंड्री वालों को मरम्मत कर नई बताने की योजना बनाई जा रही है । इसके अलावा क्षेत्र में जारी अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी स्थानीय लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं । यह भी बताया गया , कि जिस ठेकेदार द्वारा यहां पार्क बनाया जा रहा है इसी ठेकेदार द्वारा परासिया में सुभाष पार्क में निर्माण किया गया है । जहां पर भी पार्क में गुणवत्ता को लेकर शिकायत है हुई थी । न्यूटन में यह पार्क वार्ड 10 में पुराने हॉस्पिटल के पास बनाया जा रहा है ।

## छात्रों से भरी बस को मेला बस ने मारी टक्कर, कोई हताहत नहीं

### भूरा भगत मेले में यातायात व्यवस्था पर सवाल उठाती आज की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

शिवरात्रि पर लगने वाले महदेव मेले मै भगवान शिव की पूजा अर्चना करने भक्त लगातार चौरागढ़ पर पहुंच रहे हैं। जुन्नारदेव तहसील के भूरा भगत मेले की समुचित व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर पूरी तैयारी मेले में आने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए गये हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था के लिए भी पुलिस को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं लेकिन वर्तमान में मेला जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इजाफा हो रहा है और भक्त यात्री बसो/ निजी वाहनों से भूरा भगत के अलावा पचमढ़ी के चौरागढ़ पहुंच रहे हैं। लेकिन पुलिस की यातायात संबंधी व्यवस्था अभी तक देखने नहीं मिली है जबकि वाहनों की संख्या हर घंटेआवागमन में बढ़ रही है। तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर पुलिस विभाग का नियंत्रण नहीं है। जिसका नजारा आज लगभग सुबह 9:30 बजे माता मंदिर तामिया के पास



एमपी 09 एफ ए 7890 दूसरी बस एमपी 28 जेड के5786 के बीच ओवरटेक के चक्कर में हल्की दुर्घटना हुई जबकि इटावा स्कूल के बच्चों को टूर पर ले जा रही बस को ओवरटेक करने के चक्कर में टकराने से बाल बाल बची और छात्र-छात्रा जो बस में सवार थे। उनकी बस का चालक साइड ग्लास टूट गया। इस हल्की सी टक्कर से.बस की सवारी एवं छिंदवाड़ा टूर पर जा रहे स्कूली बच्चों में चीख पुकार मच गई, लेकिन गनीमत रही कि इस ओवरटेक के चक्कर में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और ना ही किसी को चोटे आई। ओवर टेक के चक्कर में हुई ईस मामूली दुर्घटना ने मेले में यातायात व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी तामिया बस स्टैंड स्थित माता मंदिर के सामने हुई इस टक्कर से किसी प्रकार की नुकसान नहीं होने की दशा में टक्कर मारने वाले बस चालक ने साइड गिलास टूटने का हर्जाना देकर अपनी बस में सवार यात्रियों को लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना गया।

इस तरह आज ओवरटेक के चक्कर मे छात्र-छात्रा एव भक्त जो बसों में सवार थे। उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं होना और मामला आपस में सुलझना सुखद पहलू है। लेकिन यातायात विभाग को इस घटना से कम से कम सबक लेना चाहिए कि शुरुआती दौर में हुई ऐसी घटना की पुनरावृत्ति मेले के दौरान ना हो।

### मेला काल में रेत चोरी के वाहनों से दुर्घटना रोकने हरिभूमि कर रहा सतर्क

## भूरा भगत मेला कालः रेत चोरी करते तहसीलदार ने पकड़ा नर्मदा ग्रुप का ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील के कुर्सी ढाना देलाखारी,पटवारी हल्के, एवं जंगल में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन वन कर्मियों एवं पटवारीयो की मिली भगत से लगातार हो रहा है। भूरा भगत मेले में ओवरलोड आ रहे रेत के ट्रैक्टर से दुर्घटना की संभावना से संबंधित समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित किया था। जिसको संज्ञान में लेकर स्थानीय अधिकारी ने ट्रैक्टर ओवरलोड रेत चोरी करते पकड़ा है। सनद रहे यहां पर हो रही रेत की चोरी अधिकारियों के संरक्षण में मिलने वाली मंथली के दम पर होती है। लेकिन मेला काल में रेत चोरों में



हुई चर्चा के अनुसार अधिकारियों ने रेत नहीं चोरी करने का आग्रह किया और अभी तक मंथली भी नहीं झेलने की चर्चा इनके बीच व्याप्त है। बावजूद उसके कुर्सी ढाना क्षेत्र से कांग्रेसी नेता जिनके वाहनों पर नर्मदा ग्रुप सामने ही लिखा हुआ है। उनके कई वाहन दिन रात रेत चोरी कर रहे हैं। रेत चोर बतलाते हैं कि इनके ट्रक नाकेदारों पटवारीयो संरक्षण में अधिकारियों की पल-पल की सूचना इस ग्रुप को देते हैं

जिस कारण इन पर कार्यवाही की संभावना कम रहती थी। इस तरह इस ग्रुप के ट्रक 24 घंटे में औसतन100 घन मीटर रेत चोरी करते चले आ रहे हैं जिसकी पुष्टि कुआं बादला टोल नाके से की जा सकती है, वही अधिकारी को मिलने वाले पैसों के कारण ईनके रेत ले जा रहे ट्रक पकड़ने से अपने आप को अलग रखते रहे हैं इसी से समझा जा सकता है कि इस ग्रुप का कितना रसूख होगा कि सरकारी कर्मचारी शासन के बजाय इनके लिए रेत चोरी करवाना अपना कर्तव्य मानते हैं, लेकिन कल दिन के उजाले में संध्या काल के समय प्राप्त जानकारी के अनुसार कुआँ बादला के पास नर्मदा ग्रुप का ट्रक क्रमांक एमपी 28 जी 2823 अपने मालिक के रसूख के दम पर रेत लेकर आ रहा था। जिसको एसडीएम द्वारा पकड़े जाने की खबर है।जब संबंधित अधिकारियों से पूछा गया? तो ट्रक पकड़ना तो मानते हैं लेकिन किसने पकड़ा इसको बतलाने से बचते नजर आए।इस तरह रसूखदार का रेत से भरा ट्रक अधिकारियों की मनाही के बाद मेला काल में ला रहा पकड़े जाने से रेत चोरों में चर्चा है। नर्मदा ग्रुप का ट्रक पकड़ा जा सकता है तो उनमें उम्मीद जगी है कि भाजपा के नेता जो रेत चोरी दिन के उजाले में कर रहे हैं। क्या उन पर ऐसी कार्रवाई हो पाएगी? ऐसे छोटे रेत चोर जो कई बार पकड़े जा चुके हैं। वे आस लगाए हुए है कि भाजपा नेताओं के ट्रक भी पकड़े जाएं। उनकी यह मुराद अधिकारियों की कार्यवाही करने और नहीं करने पर निर्भर करती है।

## कमल मदान ने कराया जाता है भंडारा, भंडारे में एक लाख भक्त भोजन प्रसाद करेंगे ग्रहण

# महाशिवरात्रि पर्वः विशाला-जुन्नारदेव में भंडारा 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



महाशिवरात्रि पर्व पर जो विशाला जुन्नारदेव में भंडारा होता है, वह आगामी 9 फरवरी से शुरू होगा ,भंडारा शिव भक्त कमल मदान द्वारा कराया जाता है, इस बार आयोजित भंडारा 9 फरवरी से शुरू होगा जो 16 फरवरी को समापन होगा, यह भंडारा पूरे 8 दिवस चलेगा, इस बार भंडारे में लगभग एक लाख भक्त आ भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे इस भंडारे में भक्तों सहित छोटे-बड़े व्यापारी, और स्थानीय जन सभी आ भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। सनद रहे कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष का महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को है ,उक्त पर्व समूचे क्षेत्र में पूरे उत्साह से मनाया जाता है क्षेत्र में निवास रत महिला, पुरुष ,बच्चे एवं बच्चियों सभी प्रातः उठ सर्वप्रथम स्नान कार्य कर भोले बाबा की पूजा अर्चना कर जीवन सुख समृद्धि के साथ व्यतीत हो ऐसा आशीर्वाद मांगते हैं। क्षेत्र में पर्व का विशेष महत्व रहता है ,क्योंकि क्षेत्र में जुन्नारदेव विशाला से ले महादेव उनके स्थान आस-पास ही है , यहां आने हेतु इस स्थान विशाला जुन्नारदेव होकर आना-जाना होता है। पूरे समय रहती है भारी भीड़, एक तो जुन्नारदेव विशाला में भोले बाबा का मंदिर वहीं इस स्थान को पहली पायरी के नाम से भी जाना जाता है ,इस बात के चलते इस स्थान पर 24 घंटे भारी भीड़ होती है। भंडारे का चुना स्थान,विशाला जुन्नारदेव में भोले बाबा का मंदिर दूसरा पहली पायरी वही आने जाने वाले भक्तजन जो जहां पूजा अर्चना करते वही महादेव जाना या आना थके होने के चलते यहां आराम करते जिसके चलते यहां भारी भीड़ रहती है इस बात के चलते शिव के सेवक कमल मदान ने इस स्थान को भंडारे का स्थान चुना।9 फरवरी से होगा भंडारा शुरू,वैसे तो महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को है इस बात के चलते कमल मदान ने 9 फरवरी दिन सोमवार से शुरू एवं 16 फरवरी दिन सोमवार को भंडारा समाप्त 9 फरवरी से भंडारा शुरू इस बात को ले श्री मदन जी भोले बाबा की मूर्ति विराजमान कर पहले पूजा अर्चना करते बाद में भंडारे का श्री गणेश करते। समिति के सदस्यों का रहता सहयोग, वैसे तो इस स्थान पर जो भंडारा होता है उसके आयोजन कर्ता सिर्फ कमल मदान है ,किंतु कार्यक्रम एक सप्ताह पूरे 24 घंटे चलता है, इस बात को ले आयोजन सफल हो अन्य कार्य भी होते हैं, जिन्हें समिति के अन्य सदस्य सर्व श्री बी के एस परिहार, रिंकू वेदी ,राजेंद्र भल्ला ,संतोष ठाकुर ,गट्टू मीरानी ,अनिल अग्रवाल, बंटी मिगलानी ,दीपेश जैन, विशेष चौरसिया, पप्पू सूर्यवंशी, अरविंद साहू शामिल है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जुन्नारदेव।** जिला युवा अधिकारी माय भारत छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 5 फरवरी को खेल और युवा कल्याण विभाग जुन्नारदेव समन्वयक विभा तारन द्वारा ग्राम पंचायत टेकाढाना में कबड्डी एवं 100 मीटर 200 मीटर एवं गोलाफेक प्रतियोगिताएं टेकाढाना सरपंच विजय लाल मर्सकोले, महेश उइके उपसरपंच, जनपद सदस्य श्यामवती नर्रे, पंच उदयपाल, श्यामरति बाई एवं संकुल प्राचार्य रामपुर पी आर पंद्राम के आतिथ्य में संपन्न कराई गई प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 10 टीमों ने एवं बालिका वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें विजेता हायर सेकंडरी स्कूल टेकाढाना, उपविजेता रामपुर एवं तृतीय स्थान पर के सी एफ क्लब रही। वहीं बालक वर्ग में विजेता मारेगांव पंचायत, उपविजेता जामुनढाना एवं तृतीय स्थान पर सतपुड़ा टाइगर टेकाढाना रही। 100 मीटर दौड़ में सितानी नर्रे प्रथम, बिस्तरीय शीलू द्वितीय, रेशमा सल्लाम थर्ड रही। गोलाफेक में प्रथम रेशमा सल्लाम, द्वितीय सितानी नर्रे, तृतीय प्रतिभा उईके। 200 मीटर दौड़ बालक में अमन नर्रे प्रथम, सागर धुर्वे द्वितीय, समीर धुर्वे तृतीय। गोलाफेक में सागर धुर्वे प्रथम,आयुष नर्रे द्वितीय, अनिरुद्ध भोपा तृतीय रहे। अतिथियों के द्वारा विजेताओं को ट्रॉफ़ी मेडल दिए गए। प्रतियोगिता को संचालित करने में मुख्य रूप से राम सिंह चौहान, योगेश उईके, दुर्गेश उईके, सतीश कुमरे, अंजू नागवंशी, सुरेश पंडौले, मोनू उईके का सहयोग रहा। अंत में आभार विभा तारन ने व्यक्त किया । विभा तारन ने बताया कि चयनित टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 10 फरवरी को विकासखंड जुन्नारदेव का प्रतिनिधित्व करेंगी।



# 398 युवक-युवतियों ने बताया कैसा हो हमारा जीवनसाथी

**सौंसर में हुआ बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन, पांच प्रदेशों से शामिल हुए युवक युवतियां**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

आई रमाबाई आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित भव्य बौध्द युवक युवति परिचय सम्मेलन हुआ। जहाँ आधुनिक युग के युवाओं ने माता रमाई के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन का सबसे मार्मिक क्षण वह था जब आई रमाई के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति मानवता का संदेश टीम के द्वारा दी गई।

### बेबाकी के साथ युवतियों ने रखा परिचय

तथागत बुद्ध, बाबासाहेब और आई रमाई के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर भन्ते सारिपुत्र व भन्ते मिलिंद के सानिध्य में त्रिशरण-पंचशील के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से आए 398 युवक-युवतियों ने सादगी और निडरता के साथ मंच पर अपना परिचय दिया। युवाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे आडंबरों और फिजूलखर्ची से दूर रहकर 'अंबेडकरी विचारों' के साथ अपनी गृहस्थी की शुरुआत करना चाहते हैं।समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने प्रस्ताविक ओर स्वागत भाषण दिया, वहीं मार्गदर्शक डॉ. अशोक भगत व मुरलीधर कामले,राहुल रंगारे,ने बेहद भावुक शब्दों में कहा कीश्माता रमाई ने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया।

### गीतों से दी गई भावांजलि, समाजसेवियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान नीता बागड़े, रजनी गोडबोले मंजुषा बागड़े व अन्य साथियों ने आई रमाई के संघर्षों पर आधारित हृदयस्पर्शी भीम-बुद्ध गीत प्रस्तुत किए। साथ ही, समाज के प्रति समर्पित विभूतियों को तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाडा द्वारा समाज भूषण अवार्ड' से नवाजा गया।सम्मानित विभूतियां में आनंदराव नारनवरे,लक्ष्मीबाई बागड़े, सहादेवराव गोडबोले, उमेश सातनकर, राहुल रंगारे, जनार्दन लोखंडे, प्रदीप बोरकर,डॉ कावेरी सजंय तायड़े,सहित ग्रामीण महिला मंडल, भजन मंडलों का सम्मान किया गया। आयोजन के सफलता राहुल रंगारे, ऋषिनाथजी नागदवने, डॉ. वाय. एल. ठवरे, देवेंद्र बागड़े, आनंद दुफारे,सिद्धार्थ सोमकुंवर, दिवाकर बागड़े, एड. सरोज दुफारे, मिलिंद बंसोड़, राजेश बागड़े, लक्ष्मीदास बोरकर, कैलास गजभिये, अरविंद बंसोड़, विजय नागदवने, आकाश गोरखेड़े, सतीस बंसोड़, पूरी आयोजन समिति ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में संकल्प लिया गया कि प्रतिवर्ष 7 फरवरी को माता रमाई के जन्मदिवस पर इसी उत्साह और सेवाभाव के साथ यह आयोजन निरंतर जारी रहेगा।

# विकसित भारत के विजन बजट पर सांसद की प्रेसवार्ता, युवा, महिला, किसान और मध्यम वर्ग को मजबूती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

केंद्र सरकार का बजट 2026 विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विजन दस्तावेज है। यह बात छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू ने प्रेसवार्ता में कही। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिला महामंत्री देवेंद्र गायकवाड, जिला उपाध्यक्ष उज्वल सिंह चौहान एवं सदन साहू तथा मीडिया प्रभारी सोमेश्वर लोनकर के अलावा अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद बंटी साहू ने आगे बताया कि बजट का लक्ष्य गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए स्किल इंडिया, एआई, रोबोटिक्स और डिजिटल स्किल्स पर जोर दिया गया है।

15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी लैब तथा एमएसएमई के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड रोजगार और उद्यम को बढ़ावा देगा।मध्यम वर्ग को राहत देते हुए 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क कम किया गया है। बायोफार्मा और आयुष केंद्रों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विदेश टूर पैकेज पर टीसीएस घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है।महिला सशक्तिकरण के तहत महिला छात्रावास, 1.5 लाख केयर गिवर्स प्रशिक्षण, लखपति दीदी योजना विस्तार और महिला उद्यमिता के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड घोषित किया गया है। कृषि क्षेत्र में एआई आधारित “भारत-विस्तार” टूल, उच्च मूल्य फसल प्रोत्साहन, राष्ट्रीय फाइबर योजना और पशुपालन को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। सेमीकंडक्टर निवेश बढ़ाने, 30 केमिकल पार्क बनाने और स्वास्थ्य क्षेत्र में बायोफार्मा शक्ति योजना लागू करने जैसे कदम भी बजट में शामिल हैं। सांसद साहू ने कहा कि यह बजट रोजगार, विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## महिलाओं की शिकायत, अवैध शराब अड्डों पर दबिश, हजारों किलो महुआ लाहन नष्ट

**पांढुर्णा।** ग्राम मरकावाड़ा और मैनीखापा की महिलाओं द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सहायक आबकारी आयुक्त भीम राव वैद्य के निर्देश पर आज और कल ग्राम मरकावाड़ा, लहराढाना एवं कालापाठा के नदी-नालों में दबिश दी गई। इस दौरान 2700 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 45 लीटर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची शराब जब्त की गई। मामले में म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क एवं च के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक एवं वृत्त प्रभारी नरेंद्र कुमार नागेश तथा आरक्षक श्रद्धा राहंगडाले, उप निरीक्षक नरेंद्र यादव सहित आबकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।



## जी राम जी को लेकर भाजपा मंडल बिछुआ एवं खमारपानी की संयुक्त बैठक संपन्न

**बिछुआ** - जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल बिछुआ एवं खमारपानी की संयुक्त बैठक जनपद पंचायत बिछुआ के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने जी राम जी योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की इसके अलावा क्रमशः जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा, एवं बैठक के मुख्य वक्ता शिव पटेल ने भी जी राम जी योजना के बारे में जानकारी साझा की एवं विस्तृत रूप से चर्चा कर बैठक को संबोधित किया। ज्ञात हो की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में **VB - G RAM G** (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 संसद में पारित हुआ है,यह विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में क्रांतिकारी कदम है,जो मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण विकास को गति देगा।

## सर्वसुविधायुक्त कालोनी के लुभावने वादे करने के बाद पलटा श्याम नगर 2 का कालोनाईजर जसवंत पटले

# बल्लियों के सहारे झूल रहे भारी भरकम विद्युत तार

## 10 वर्षों से परेशान हो रहे उपभोक्ता/नागरिकगण

### कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




कालोनाइजर की वादाखिलाफी से परेशान अवैध कालोनी में प्लाट खरीद कर मकान बनाकर रहने वाले रहवासी पिछले लगभग 2 वर्षो से तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर सहित उच्चाधिकारियों को लगातार शिकायत कर रहे है। लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी ने अवैध कालोनी बनाकर उपभोक्ताओं को लुभावने सब्जबाग दिखाकर प्लाट बेचने वाले कालोनाईजर पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठाई है। जिससे अवैध कालोनी में रहने वाले नागरिकगण बेहद परेशानी का सामना कर रहे है।

### श्याम नगर 2 में सर्वसुविधा प्रदान करने के नाम पर बेचे प्लॉट

मामला हैं ग्राम पंचायत सिकन्द्रा के वार्ड नम्बर 1 का। जहॉ पर जे पी रियलकॉन के प्रोप्राईटर जसवंत पटले ने श्याम नगर 2 के नाम से खेती की भूमि पर प्लाटिंग की। फिर उपभोक्ताओं को भव्य प्रवेश द्वार, पक्की सडक़ें, नाली, विद्युत, पानी, बगीचा, मंदिर आदि सभी सुविधायें उपलब्ध करवाने का वादा किया। कालोनाईजर जसवंत पटले के झॉसे में आकर अनेंक उपभोक्ताओं ने श्याम नगर 2 में प्लॉट खरीद लिए और लगभग 15 नागरिकों ने वहॉ पर मकानों का निर्माण भी कर लिया।

### उपभोक्ताओं द्वारा मकान बनाने के बाद नहीं दी कोई सुविधा

मकान निर्माण के बाद से इन उपभोक्ताओं की परेशानियॉ शुरु हो गई। क्योंकि जसवंत पटले ने अपने वादे के अनुरुप कालोनी में विद्युत, नाली, पानी, भव्य प्रवेश द्वार, बगीचा, मंदिर पक्की सडक़े आदि कोई भी व्यवस्था नहीं की। जिसके कारण मकान बनाने के बाद नागरिकों को विद्युत मंडल से टी सी कनेक्शन लेकर अपने घरों में रोशनी करनी पड़ रही है। टी सी कनेक्शन होने के कारण उन्हें भारी भरकम बिल की राशि का भुगतान विद्युत मंडल को करना होता है। वहीं टी सी कनेक्शन के भारी भरकत विद्युत तारों को घरों में कनेक्शन के लिए बल्लियों के सहारे ले जाना पड़ा है, जिससे कभी भी कोई भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उपभोक्ताओं को पानी के लिए खुद के घरों में बोर करवाने का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ा है। उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार बोलने पर कालोनाईजर जसवंत पटले द्वारा सिर्फ एक पक्की सडक़ बनवा दी गई है। उसके अलावा कोई भी व्यवस्था व सुविधाऐं उपभोक्ताओं को नहीं दी गई है।

### जनसुनवाई में 27 मई 24, 31 मई 25 को शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

कालोनाईजर की वादाखिलाफी से परेशान उपभोक्ताओं ने 27 मई 2024 व 31 मई 2025 को कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में कालोनाईजर द्वारा सुविधाऐं नहीं देने की शिकायत की थी। इस बीच 14 जून 2024 को कलेक्टर बालाघाट द्वारा जिले की 371 कालोनी व प्लाटिंगों को अवैध घोषित करते हुए उनमें खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया गया था। जिसमें जसवंत पटले की श्याम नगर 2 सहित श्याम नगर 1 की कालोनी व प्लाटिंग पर खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। श्याम नगर 2 के उपभोक्ताओं/रहवासियों द्वारा कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में दी गई शिकायतें वारासिवनी एसडीएम व तहसील कार्यालय तक तो पहुँची, लेकिन उन पर आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही दोनों ही कार्यालयों से नहीं हो पाई।

### 23 दिसम्बर 25 को एक बार फिर शिकायत की है श्याम नगर 2 के निवासियों ने

जिससे परेशान श्याम नगर 2 के उपभोक्ताओं/नागरिकों विनोद चौधरी, मोहश्वरी पटले, राजेश हाडग़े, सदानंद खोब्रागड़े, भूमेश्वरी गौतम, पदमा देवी पारधी, जलेश बिसेन, भूमेश्वरी बनकर, अश्विनी मसखरे, सुरेन्द्र पारधी, मोहसिन खान आदि ने एक बार फिर 23 दिसम्बर 2025 को कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में श्याम नगर 2 के कालोनाईजर जसवंत पटले द्वारा सुविधाऐं नहीं देने की शिकायत की है। जिस पर कलेक्टर बालाघाट ने शिकायत की जॉच कर कार्यवाही करने व प्रतिवेदन देने के लिए तहसीलदार वारासिवनी को निर्देशित किया है। लेकिन लेकिन लगभग डेढ़ माह बीतने के बाद भी उपभोक्ताओं/नागरिकों की शिकायत पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है।

### कलेक्टर ने श्याम नगर 1 व 2 को घोषित कर दिया है अवैध कालोनी व प्लाटिंग

यहॉ उल्लेखनीय हैं कि कालोनाईजर जसवंत पटले द्वारा ग्राम सिकन्द्रा में श्याम नगर 1 व 2 के नाम से बनाई गई दोनों ही कालोनियों को कलेक्टर बालाघाट अवैध घोषित कर चुके है। इन कालोनियों में प्लॉट खरीद कर मकान बनाकर रहने वाले उपभोक्ताओं/नागरिकों द्वारा लगातार वर्षो से कालोनाईजर जसवंत पटले से अपने वादे के अनुरुप सुविधाऐं उपलब्ध करवाने की मॉग की जा रही है। लेकिन उनके द्वारा उपभोक्ताओं को सिर्फ लालीपॉप दिया जा रहा है। किंतु पिछले 10 वर्षो में उन्होंने दोनों ही कालोनियों में किसी भी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई है।

अब देखना यह हैं कि कलेक्टर बालाघाट के निर्देश के बाद तहसीलदार वारासिवनी उपभोक्ताओं/नागरिकों की शिकायत कब तक जॉच करती है और उसके बाद कब कार्यवाही की अनुशंसा करती है?

## दो माह बाद भी जांच अधर मेंः पारडी पंचायत में 24 लाख की पलाश नीलामी घोटाले को दबाने की कोशिश तेज

**25 दिसंबर को बिना निविदा नीलामी, 12 जनवरी को जांच में देरी उजागर, अब बैकडेट टेंडर से शासन को गुमराह करने का आरोप**



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पारडी में पलाश के पेड़ों की 24 लाख रुपये की नीलामी का मामला अब केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि जांच को दबाने और शासन-प्रशासन को गुमराह करने की साजिश का रूप ले चुका है। नीलामी प्रक्रिया को संपन्न हुए करीब दो माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो निष्पक्ष जांच हुई और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई-उलटे सरपंच, सचिव और जांच अधिकारी की कथित सांठगांठ सामने आ रही है।उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पारडी में 25 दिसंबर को पलाश के पेड़ों की नीलामी बिना किसी निविदा प्रकाशन, विज्ञापन और नियमानुसार सूचना के कर दी गई थी। यह नीलामी लगभग 2 एकड़ से अधिक भूमि में फैले पलाश वृक्षों की थी, जिसकी बोली 24 लाख रुपये तक पहुंची। नियमों के अनुसार इतनी बड़ी राशि की नीलामी के लिए निविदा (टेंडर) प्रक्रिया अनिवार्य थी, लेकिन इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। इस गंभीर अनियमितता को लेकर 12 जनवरी को समाचार प्रकाशित कर यह सवाल उठाया गया था कि शिकायत सामने आने के बावजूद 15 दिनों में भी जांच अधिकारी द्वारा कोई जांच नहीं की गई। उस समय जांच अधिकारी बीपीओ वेनेश्वर बिसेन ने 'कार्य की अधिकता का हवाला देकर मामले को टाल दिया था।

**जांच अधिकारी की भूमिका भी सवालों में:**इसके बाद आरोप है कि औपचारिक जांच करने के बजाय बीपीओ ने सरपंच और सचिव के साथ मिलकर इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार दोषियों को बचाने के लिए न केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रिपोर्ट तैयार की गई, बल्कि बाद में आनन-फ ानन में किसी अखबार में बैकडेट में निविदा सूचना प्रकाशित कराई गई, ताकि यह दिखाया जा सके कि नीलामी नियमों के तहत हुई थी। यह कृत्य न केवल प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास है, बल्कि एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। बिना निविदा नीलामी, फिर जांच में जानबूझकर देरी और अब बैकडेट दस्तावेजों के जरिए मामले को वैध दिखाने की कोशिश-यह सब एक संगठित प्रयास की ओर इशारा करता है। गौरतलब है कि नियमों के अनुसार ग्राम पंचायत में 2 लाख रुपये से अधिक की नीलामी के लिए निविदा प्रकाशन, सार्वजनिक सूचना, शर्तों का स्पष्ट उल्लेख और सक्षम स्तर से अनुमति आवश्यक होती है। इसके बावजूद पारडी पंचायत में न केवल इन नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि मामले के उजागर होने के बाद भी सुधार के बजाय लीपापोती का रास्ता अपनाया गया।

करीब दो माह बीत जाने के बाद भी यदि न जांच पूरी होती है और न दोषियों पर कार्रवाई, तो यह स्पष्ट संकेत है कि भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। जानकारों का कहना है कि यदि इस प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो यह उदाहरण बनेगा कि पंचायत स्तर पर करोड़ों की नीलामी भी बिना नियमों के कराकर आसानी से दबाई जा सकती है। अब निगाहें कलेक्टर बालाघाट और उच्च प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या वे इस पूरे मामले की गंभीरता को समझते हुए सरपंच, सचिव, जांच अधिकारी और सहयोगी कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराएंगे या फि र यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### बाल संरक्षण पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2026 को बाल संरक्षण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं IQAC प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के स्मरण के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. मराठे ने बाल संरक्षण को समाज का ज्वलंत विषय बताते हुए सभी की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। वेबीनार की संयोजक डॉ. सरिता खोबरागड़े ने इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता की आवश्यकता बताई।

**तीन माह से ओवररेटिंग, गांव-गांव सड़क किनारे अवैध सप्लाई, प्रशासनिक संरक्षण के आरोप**

# लांजी में शराब माफिया बेलगाम, सोम कंपनी के ठेकेदारों की मनमानी पर पुलिस-आबकारी मौन







**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले की लांजी तहसील में शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। आरोप है कि सोम कंपनी से जुड़े शराब ठेकेदार बीते तीन माह से देशी-विदेशी शराब तय दरों से अधिक कीमत पर बेच रहे हैं, जबकि गांव-गांव सड़क किनारे पैकारों के माध्यम से अवैध सप्लाई खुलेआम जारी है। हैरानी की बात यह है कि लगातार शिकायतों और मीडिया में खबरें आने के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा। सुबह-सुबह गांवों में भारी मात्रा में शराब पहुंचाई जा रही है, जो न तो अधिकृत दुकानों पर बिकती है और न ही नियमों के तहत। दुकानों पर ग्राहकों से तय मूल्य से अधिक वसूली की जा रही है, छुट्टे पैसे नहीं लौटाए जाते और जबरन पानी पाउच व प्लास्टिक डिस्पोजल खरीदने को मजबूर किया जाता है। यह खुली लूट होने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। लांजी-आमगांव मार्ग पर शराब दुकानों के पास बने अहातों में दिनदहाड़े शराबखोरी आम हो चुकी है, जिससे कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। वहीं, जिला मुख्यालय में नियमों के पालन को लेकर सख्ती दिखती है, लेकिन लांजी तहसील में कार्रवाई न होना प्रशासनिक दोहरे मापदंड की ओर इशारा करता है। आमजन मांग कर रहे हैं कि सोम कंपनी से जुड़े ठेकेदारों, ओवररेटिंग, गांव-गांव हो रही अवैध सप्लाई और पुलिस-आबकारी की कथित मिलीभगत की निष्पक्ष जांच हो। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में यह साफ माना जाएगा कि शराब माफि या प्रशासनिक संरक्षण में फल-फू ल रहा है।

खबर संक्षेप

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को वन स्टाप सेंटर का कराया गया भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अतिरिक्त कक्षा का संचालन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं को वन स्टाप सेंटर की विजिट कराई गई,प्रशासनिक अधिकारी ईशा वाल्मिक,केश वर्कर सोनल सक्सेना, वर्षा वैश्य, आकांक्षा सोनी,संध्या सनोडिया द्वारा विभाग से संबंधित,बेटी बचाओ बेटी पढाओ,नारी अदालत आदि जानकारी दी गई,जिसमे विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया परामर्श दाता कविता बेले,शोभा बघेल, सुधीर सिंह ठाकुर, पीयूष दुबे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्रावास निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल निर्माण स्थल से अनिवार्य सूचना पटल गायब

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के बरघाट के साल्हे गांव में शनि मंदिर के पास में निर्माणाधीन छात्रावास भवन में गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पहले लगाया जाने वाला अनिवार्य सूचना पटल (सूचना बोर्ड) मौके पर पूरी तरह गायब है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

निर्माण स्थलों पर सूचना पटल में निर्माण की लागत, कार्य की स्वीकृति, विभाग का नाम, कार्य अवधि, ठेकेदार का नाम व संपर्क विवरण अंकित होना आवश्यक होता है, ताकि आमजन निगरानी कर सकें। लेकिन छात्रावास निर्माण स्थल पर न तो सूचना पटल लगाया गया है और न ही ठेकेदार व संबंधित विभाग की कोई जानकारी सार्वजनिक की गई है।



### ठेकेदार के आगे बेबस अधिकारी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना पटल के अभाव में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे इस निर्माण कार्य ने विभागीय निगरानी पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर छात्र हितों से जुड़ा यह निर्माण भी कागज़ों में ही गुणवत्तापूर्ण बनकर रह जाएगा।

### बिल्डिंग बनकर खड़ी, मौके से सूचना पटल गायब

प्रदेश में कुछ विभाग ऐसे भी है जहां सरकारी नियम कागज पर सिमट का रह गए है। सिवनी के बरघाट साल्हे गांव में छात्रावास भवन की बिल्डिंग बनकर खड़ी हो गई लेकिन निर्माण स्थल से सूचना बोर्ड गायब, नियमानुसार निर्माण कार्य से पूर्ण सूचना बोर्ड लगाना संबधित अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। लेकिन ठेकेदार की मनमानी के आगे अधिकारी भी नियम पालन करने से कतरा रहे है।

## उत्कृष्ट, मॉडल एवं श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट/मॉडल एवं श्रमोदय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश चयन परीक्षा दिनांक 08 फरवरी 2026 को जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ संस्थाओं के पात्र विद्यार्थियों को उक्त वेबसाइट से समय पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

### भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक 10 को

**सिवनी,/** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे शाम 3.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित सभा कक्ष में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं समस्याएं लिखित रूप में नोट कराएं।

# धनौरा-पिपरिया रोड पर बेकाबू कार नाले में पलटी

## कन्या छात्रावास के पास हादसा; कार सवार दोनों युवक सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनोरा-पिपरिया नाई रोड पर शुक्रवार देर रात अनियंत्रित कार सड़क किनारे बने नाले में पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार दोनों व्यक्तियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

कार धनोरा से पिपरिया की ओर जा रही थी। चालक ने धनोरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर वाहन के टायरों में हवा भरवाई। पेट्रोल पंप से आगे बढ़ते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सीधे नाले में जा गिरी और पलट गई।

### हादसे दोनों कार सवार सुरक्षित बाहर निकले

हादसे के समय कार में कुल दो लोग सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना स्थल धनोरा कन्या छात्रावास के पास है, जहां दिन और रात दोनों समय लोगों व वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हादसे के समय सड़क पर छात्राएं या अन्य राहगीर मौजूद होते, तो यह दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी। इस घटना के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। धनोरा-पिपरिया मार्ग पर नाले में पलटी कार को स्थानीय लोगों ने निकाला।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया

हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल धनोरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को नाले से बाहर निकलवाने की प्रक्रिया शुरू की और घटनाक्रम की जांच प्रारंभ की। धनोरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर चालक की लापरवाही या वाहन के तकनीकी कारणों की संभावना से

### वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की

उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस लगातार वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, गति पर नियंत्रण रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रही है। बावजूद इसके लापरवाही के चलते ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं। पुलिस ने आमजन से विशेषकर रात्रि के समय वाहन चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं

# किशोरी स्वास्थ्य पर कार्यशाला

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उमंग हेल्थ वेलनेस के संयुक्त तत्वाधान में किशोरी स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंग्ले के संरक्षण एवं करियर प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम के कुशल मार्गदर्शन में किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता डॉ शिल्पा भीवापुरकर( स्त्री रोग विशेषज्ञ नागपुर)का आगमन हुआ, जिन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित विभिन्न शारीरिक समस्याओं से अवगत कराया एवं बदलते परिवेश एवं बदलती दिनचर्या एवं बढ़ते मानसिक तनाव पर छात्राओं से चर्चा की। अपने छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए प्रोटीन ,विटामिन्स, मिनरल्स एवं कार्बोहाइड्रेट से परिपूर्ण भोजन लेने की सलाह दी, ताकि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन यापन कर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें। मासिक धर्म में पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखने कहा । अनियमित दिनचर्या एवं पूर्ण पोषित आहार नहीं लेना



आज के परिवेश में व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम बना देता है, उन्होंने कहा कि इस बात पर विशेष ध्यान देना आज की जरूरत बन गई है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पणा अवस्थी ने किया एवं आभार उमंग प्रभारी डॉक्टर अनीता भट्ट द्वारा दिया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्रीमती नीतू दुर्गे एवं वर्षा पांडे का सहयोग रहा। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं ने बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जो उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदाई सिद्ध होगी।

# छपारा पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा जिले में हो रहे गंभीर अपराधो की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के निर्देशन एवं थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में थाना छपारा पुलिस ने करीब 02 माह पूर्व अपर्हत नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया ।

घटना का विवरण इस प्रकार है थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07/11/2026 को प्रार्थिया द्वारा थाना छपारा उपस्थित आ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि प्रार्थिया की नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है उक्त रिपोर्ट पर थाना छपारा मे विवेचना के दौरान थाना स्तर पर टीम गठित की गयी एंव सायबर सेल सिवनी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार संदेही की तलाश पतासाजी शुरू की गई। मामले में लगातार संदेही की गतिविधियो की जानकारी हेतु बारीकी से छानबीन की गयी परंतु संदेही शातिर एवं आपराधिक प्रवृत्ति का होने से घटना के संबंध में किसी भी प्रकार के साक्ष्य प्राप्त नही हो पा रहे थे परंतु थाना छपारा पुलिस द्वारा जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर एक संदेही अरुण पिता राजकुमार भारद्वाज पर अपर्हता एवं आरोपी को मदद करने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम एवं मुखबिर को संदेही अरूण भारद्वाज की गतिविधियो पर नजर रखने राउ जिला इंदौर भेजा गया उनके द्वा रा लगातार तीन दिवस तक कड़ी मेहनत कर जानकारी प्राप्त की गई की संदेही के घर अपर्हता एवं आरोपी प्रथम डोंगरे का आना जाना है जानकारी प्राप्त होने पर थाने से दिनांक 03/02/2025 को एक अन्य पुलिस टीम भेजकर लगातार कड़ी मेहनत कर दिनांक 04/02/2026 को शाम 18 बजे अपर्हता को आरोपी प्रथम डोंगरे के कब्जे से ग्राम भैसलाय थाना किशनपुरा जिला इंदौर से दस्तयाब किया जाकर आज दिनांक 06/02/2026 को आरोपी एवं आरोपी की सहायता करने वाले साथी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय लखनादौन पेश किया गया माननीय न्यायालय व्दारा जेल वारंट जारी करने उपरांत उक्त दोनो आरोपीगणो को लखनादौन उप जेल दाखिल कराया गया है। मामले में अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी प्रथम पिता धनेश डोंगरे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गोकलपुर थाना छपारा, अरूण पिता राजकुमार भारद्वाज उम्र 22 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी छपारा। इस कार्यवाही मे निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उडक़े, उप निरीक्षक मंजू रहांगडाले, प्रधान आरक्षक मूलसिंह उडक़े, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र कवरेती, आरक्षक सूरज गिरारे की महत्वपूर्ण भूमिका।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 7 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनाँक 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है।

उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा। अतः किसान अपनी सुविधानुसार समय पर निर्धारित पंजीयन केन्द्रो में जाकर अपनी उपज का पंजीयन करावें।

# तीन मंजिला हाई टेक्नॉलाजी की बिल्डिंग बनकर तैयार होने में अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पडेगा

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

आधुनिक शिक्षा का नया स्वरूप सीएम राइज स्कूल जिसका नाम बदलकर भगवान श्री कृष्ण के गुरु आचार्य सांदीपनि के नाम पर किया है। जैसा कि सर्वविदित है कि शामहोबिया- स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर केंद्रीयकृत आधुनिक शिक्षा प्रणाली की परिकल्पना के साथ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रथम फेज में प्रदेश में 274 स्कूलों की सीएम राइज स्कूल के नाम से वर्ष 2021 में आधार शिला रखी थी।केवलारी मे भी सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि) के निर्माण के लिए चयनित भूमि पर नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय की बिल्डिंग की आधार शिला दिनांक 19 फरवरी 2024 को रखी गई थी।जिसका निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। वर्तमान परिवेश मे बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन रेशो 75 प्रतिशत के लगभग हो चुका है। तीन मंजिला



भव्य इमारत का स्ट्रक्चर पूर्ण रुप से बनकर तैयार है,बिल्डिंग का प्लास्टर बर्क, फिंनिसिंग बर्क, बिजली ओर टाइल्स बर्क का कार्य सहित बाहरी समतलीकरण कार्य चल रहा है।बीडीसी बिल्डिंग डिजाइन डेवलपमेंट कारपोरेशन मध्यप्रदेश के माँडल 2 की आधुनिक बिल्डिंग का निर्माण कर्ता मध्यप्रदेश शासन के सुपरवीजन अधिकारियों ,सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य,निर्माण कंपनी के कमलेश कुमार धोटे सीनियर इंजीनियर, अभिषेक यादव साइट इंजीनियर,रितेश कपूर साइट इंचार्ज ने बिल्डिंग का भ्रमण करवाकर बताया कि 48 आधुनिक कमरों के साथ केजी-1 से 12वीं तक सभी विषयों के लिए बन रही अतिआधुनिक बिल्डिंग (सांदीपनि विद्यालय) में मिड-डे मील्स के लिए हजारों बच्चों के एक साथ बेठने की व्यवस्था, ओपन हाल, गार्डन,ओर खेल मैदान का कार्य हाई प्रेशर लोडर से समतलीकरण कर बनाया जा रहा है, केम्पस के अंदर की रोडो को हाइएस्ट सहनशक्ति के साथ रोलिंग किया गया है। बिल्डिंग केम्पस मे बाहरी जल स्त्रोतो के रिसाव को रोकने के लिये पेराफिट दीबाल बनायी गयी है ।अंडर ग्राउंड जल निकासी नाला दिया जा रहा है।दो लाख क्षमता का समबेल के साथ ग्राउंड फ्लोर में पेयर के लिए दो हजार बच्चों की क्षमता की दीर्घा है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अलाटमेंट राजस्व रकबे में से मेसर्स एएनव्ही कन्सन्ट्रेक्शन कम्पनी के द्वारा 8.82 एकड़ में निर्माण कार्य किया जा रहा है। बिल्डिंग के हेंड ओवर होने मे अब ज्यादा समय नहीं लगेगा ।

### इनका कहना है

आज दौरा किया सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य 75त्न तक पूर्ण हो चुका है, कार्य तीव्र गति से चल रहा है, नये सत्र में लोकार्पित करने की कार्य योजना को लेकर के हम काम कर रहे हैं।

**डीजीएम-बीडीसी डिविजनल जनरल मैनेजर बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, वरुण साहू**

# समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 7 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनाँक 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाना है।**

किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। उन्होंने बताया कि सिकमी/ बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा। अतः किसान अपनी सुविधानुसार समय पर निर्धारित पंजीयन केन्द्रो में जाकर अपनी उपज का पंजीयन करावें।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

शासकीय आईटीआई कॉलेज छपारा में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिवनी आई पी एस सुनील मेहता थे ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग संदीप परते, समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नमन नेमा एवं प्रमुख कलाकार रोमन मरावी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर करना रहा। कॉलेज प्राचार्य भूपेंद्र सिंह उइके ने अतिथियों का



स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों का नैतिक और सामाजिक विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नशा मुक्ति जैसे अभियानों को समय की आवश्यकता बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर समाज से नशा रूपी रोग को हमेशा के लिए समाप्त करने पर जोर दिया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा वर्तमान समय की सबसे गंभीर सामाजिक समस्याओं में से एक बन चुकी है, जिसका सीधा प्रभाव युवा पीढ़ी के भविष्य पर पड़ रहा है। नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने के साथ-साथ परिवार और समाज की प्रगति में भी बाधक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ ही छात्रों को अपने जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक एवं सफलता के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यशाला में मुख्य आकर्षण रोमन मरावी एवं उनके साथियों द्वारा गीत एवं अभिनय रहा।

## आज होगी पार्षद गोल्ड कप के लिए खिताबी भिंड़त

# सांसद, विधायक, पार्षद, अधिवक्ता, पत्रकार सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में होगा पार्षद गोल्ड कप मेगा फाइनल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर के बीचों-बीच चकाचौंध करती दूधिया रोशनी से चमचमाते मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित पार्षद गोल्ड कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के अहम मुकाबलों के लिए भिंड़त लगातार जारी है। चमचमाती ट्रॉफी को उठाने के लिए धुरंधर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से अपने अगले पायदान पर चढ़ती टीमों का सिलसिला जारी है जो 8 फरवरी 2026 को पार्षद गोल्ड कप ट्रॉफी उठाकर ही रूकेगा। इस फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के तौर पर बालाघाट-सिवनी सासंद, सिवनी, बरघाट विधायक, भाजपा अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्षद गण, अधिवक्ता गण, पत्रकार बंधु और विशेष गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। अब देखना है कि इस जद्दोजहद में पिछले एक पखवाड़े से वेटरन वर्ग की विभिन्न क्लबों और ओपन वर्ग में अलग-अलग टीमों से विभिन्न खिलाड़ियों को एकजुट कर तैयार टीमों में कौन टीम फाइनल मुकाबले में अपना जलवा बिखेरेंगी। टूर्नामेंट के अंतिम मैचों में सभी टीमों के खिलाड़ियों का जुनून चरम पर पूरी एकजुटता से टीम को शिखर तक पहुंचाने के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में अपना खेल प्रदर्शन दिखा रहे हैं। 6 फरवरी को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैचों की श्रृंखला में पहला मैच वेटरन वर्ग अन्तर्गत जेआरबी पटेल और नाइट राइडर जूनियर के मध्य खेला गया क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए नाइट राइडर ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 138 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया टीम की ओर से ओपनर बल्लेबाज नीरू निर्मलकर ने 4 गेंदों पर 4 बाउंड्री लगाकर 12 बनाए, शमीम ने 13 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 31, जुबेर ने 4 गेंदों पर 29 रन तो दिनेश ने 12 गेंदों पर 5 छक्के और एक चौके की मदद से 36 रन जोड़े। जेआरबी पटेल की ओर से अपनी सधी हुई गेंदबाजी करते हुए नफीस खान ने 2 ओवर में 18 देकर 2 विकेट जबकि आसिफ लाल अपने 2 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट झटके वहीं शानू, माजिद, इरफान और वसीम ने भी 1-1 विकेट लिए। 138 रनों के विशाल स्कोर को भी आसान समझकर सूझबूझ भरी पारी खेलते हुए जेआरबी पटेल के खिलाड़ियों ने 9 ओवर में ही अपने 5 विकेट गंवाकर आसानी से पार करते हुए 5 विकेट से जीत हासिल कर लिया। जेआरबी पटेल की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आसिफ लाल ने 16 गेंदों पर 5 गेंदों पर हवाई फायर किया तो 1 गेंद बाउंड्री पार कराते हुए 39 रन बनाए वहीं इरफान होता ने 32, नफीस खान 17 जबकि असल खान ने 12 गेंदों पर 37 रनों की नाबाद पारी खेली। दूसरा मैच ओपन वर्ग का खेला गया लीग के अंतर्गत खेले गए मुकाबले मे क्यूके स्पोट्र्स ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए परफेक्ट इंजिनियर को 31 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्यूके स्पोट्र्स ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। राज ने 16 गेंदों में 33 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। बंटी बिसेन ने 23 रन, आशफाक ने 18 रन तथा नीतेश उइके ने 11 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परफेक्ट इंजिनियर की टीम 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 64 रन ही बना सकी। टीम के खिलाड़ियों का कहना है कि आत्मविश्वास और एकजुटता आने वाले मुकाबले चुनौतीपूर्ण होंगे, विजेता टीमों की फाइनल भिंड़त 8 फरवरी को दूधिया रोशनी के बीच मिशन स्कूल ग्राउंड में शाम 4 बजे होना है।

# विद्या संसार से विरक्ति और ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग है, जबकि अविद्या संसार में आसक्ति और अज्ञानता का बंधन है-श्रीराम मिश्रा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम बोथिया मे सार्वजनिक श्री राम कथा के छटे दिवस व्यास पीठ आचार्य श्रीराम मिश्रा ने विद्या ओर अविद्या का सारगर्भित प्रेरक व्याख्यान देकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया।

पूर्णिमासी 1फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित हो रही है।8 दिवासीय श्री राम कथा का प्रकाश पुंज आचार्य श्री राम जी मिश्रा के मुखारविंद से दोपहर 1 वजे से शाम 6 वजे तक अनवरत चल रही है।कथा के चोथे दिवस बाल कांड धनुष यज्ञ एवं सीता स्वंयवर की कथा में महाराज जी ने राम विवाह की कथा को अति आनंदमयी मंगलकारी बताया ,कथा के पंचम दिवस वनवास पर व्याख्यान राम का त्याग पर कथा कहते हुए महाराज जी ने



भगवान राम के अवतार लेकर संसार को कर्तव्य, मर्यादा, ओर त्याग से परिभूषित करने का मुल कारण बताया।कथा के छटवे दिवस केवट राम संवाद, भरत मिलाप, जटाऊ से मिलन का वर्णन किया ।कथा मे कहते हैं कि त्याग राम सा करो, प्रेम भरत सा रखो ,तुम नहीं तो तुम्हारी खड़ाऊ में शिरोधार्य हो।मन को बस में करने का सबसे सरल उपाय को बताते हैं कि तन को बस मे कर लो मन अपने आप बस में हो जायेगा । माया के दो रुप है विद्या ओर अविद्या विद्या यह सत्व गुण प्रधान है, जो जीव को आत्म-ज्ञान और मोक्ष की ओर ले जाती है। इसमें प्रेम, करुणा और भक्ति जैसे दिव्य गुण आते हैं।अविद्या यह रजस और तमस गुणों से प्रेरित है, जो जन्म-मृत्यु के चक्र में फंसाती है। इसमें काम, क्रोध, लोभ, और अहंकार शामिल हैं। विद्या संसार से विरक्ति और ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग है, जबकि अविद्या संसार में आसक्ति और अज्ञानता का बंधन है।

### शासन और प्रशासन के नाक के नीचे से हो रहा रेत का अवैध परिवहन एवं उत्खनन शासन और प्रशासन मौन

## गढ़ी क्षेत्र में हो रहा रेत का अवैध परिवहन एवं उत्खनन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

बालाघाट जिले से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आदिवासी वनांचल क्षेत्र गढ़ी क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन एवं उत्खनन शासन और प्रशासन के नाक के नीचे से किया जा रहा है। जो एक गंभीर समस्या है, इससे पर्यावरण और सरकारी राजस्व दोनों को नुकसान होता है। गढ़ी में भी रेत के अवैध परिवहन के कई मामले सामने आते हैं। लेकिन इन मामलों में शासन और प्रशासन हमेशा से मौन रहता है।और किसी भी प्रकार की कोई कारवाही नहीं होती है।जिससे कि रेत माफियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। राजस्व क्षेत्र से रेत का उत्खनन होना तो आम बात हो गई है। लेकिन यहां अगर कोर जोन के क्षेत्रों से बफर जोन के क्षेत्रों से हो तो फिर मामला कुछ और समझ में आता है। की रेत के माफियों और आधिकारियों की मिली भगत से इन कामों को अंजाम दिया जा रहा है।



### इन स्थानों से हो रहा है अवैध उत्खनन

गढ़ी में किसी प्रकार का खदान स्वीकृत नहीं है।जिससे कि यहां काम वैध कहा जा सके। गढ़ी क्षेत्र की इन नदियों की छाती चीर कर निकला जा रहा है,रेत कश्मीर नदी जो निवास में स्थित है। और यह क्षेत्र बफर जोन में आता है। उल्टा नाला , हालौन नदी , ये सब नदिया फॉरेस्ट के बफर में आती है। उसके बावजूद इन नदियों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिससे कि पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।जिससे कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्याओं से पूरे क्षेत्रवासियों को या कहा जाए कि पूरे 25 पंचायत और 56 गांव को परेशानी से झूझना पड़ता है।

## ग्राम पंचायत दत्ता में "जल अर्पण कार्यक्रम" का सफल आयोजन, जल संरक्षण का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्ता में 06 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत भवन में "जल अर्पण कार्यक्रम" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जल जीवन मिशन योजना के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि राम कुमार राणा, जिला पंचायत सदस्य चेतना कुराहे, जनपद सदस्य मुकेश चौहान, जनपद उपाध्यक्ष भुवन भाऊ राहंगडाले, जनपद सदस्य योगराज भास्कर, सांसद प्रतिनिधि चूमेश लिल्हारे, सरपंच दुलीचंद इनवाते, उपसरपंच कौतिका ओमकार खरे सहित समस्त पंच सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके, एसडीओ रवींद्र हट्टेवार, एसडीओ सत्यम पटेल, ग्राम सचिव रामप्रसाद नागफासे, सहायक सचिव मुकेश मातरे, उपयंत्री मनरेगा बबलू सेन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन से की गई। स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद ब्लॉक समन्वयक (PHE) सुश्री श्रुति डहाटे द्वारा जल अर्पण कार्यक्रम का विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके ने जल जीवन मिशन योजना के उद्देश्यों और उसके लाभों की विस्तार से जानकारी दी। योजना का तकनीकी परिचय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर पराडकर द्वारा प्रस्तुत किया गया।




कार्यक्रम के दौरान "जल जीवन मिशन" पर आधारित गीत की प्रस्तुति ब्लॉक समन्वयक मोहिनी पटले द्वारा दी गई। इसके पश्चात स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा जागरूकता रैली (प्रभात फेरी) निकाली गई, जिसमें जल संरक्षण के संदेश दिए गए। जल वंदना एवं जल बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद अध्यक्ष श्री राणा कल्याण सिंग द्वारा पानी की टंकी और नलों पर रक्षासूत्र बांधकर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लैब केमिस्ट श्री उज्वल द्वारा फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांच का प्रदर्शन किया गया।

जल संरक्षण की शपथ PHE विभाग की शीतल मिश्रा एवं रानी सिंग राजपूत द्वारा दिलाई गई, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सदस्य पूजा राठौर ने योजना से महिलाओं और बच्चों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों, जैसे समय की बचत और बीमारियों में कमी, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक सचिव द्वारा "मेरी पंचायत ऐप" का परिचय दिया गया, जबकि सब इंजीनियर श्री पिंकेश मोहारे ने भविष्य की योजनाओं के तहत जलकर (वाटर टैक्स), संचालन एवं रखरखाव योजना (O&M) तथा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सरपंच श्री दुलीचंद इनवाते द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति नई जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न किया।

## मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं के आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। अंजुमन इस्लामिया कमेटी अध्यक्ष बालाघाट हाजी फारूख ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड शिक्षा नीति (पढ़ो, पढ़ाओं एवं राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बनो) के संबंध में पारित निर्णय के परिपालन में एवं वाकिफ की मंशा (दानकर्ता की इच्छा और शर्ते) के अनुसार मुस्लिम आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को वक्फ बोर्ड द्वारा प्रत्येक जिले में वक्फ संपत्तियों की प्रबंध व्यवस्था हेतु गठित जिला वक्फ कमेटी एवं प्रबंध समितियों द्वारा वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले जो आगे पढ़ाई जारी रखता चाहते हो परन्तु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जानी है। छात्रवृत्ति कक्षा ग्यारहवी, बारहवी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट आदि की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को मदद के रूप में जिला स्तरीय मेरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनकी संस्था के बैंकिंग के माध्यम से दी जानी है। गत वर्ष जिन छात्र छात्राओं की 11वीं कक्षा में वक्फ छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरकर जमा करें वे छात्र-छात्रायें जिनको गत वर्ष इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त हुई थी। अब वे कक्षा बारहवी में अध्ययनरत है। वे भी अपना आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा करें। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा बनाये गये जिला इकाई कार्यालय अंजुमन स्कूल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते है। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी,2026 है। जिस भी मुस्लिम समाज के नागरिक तक यह जानकारी जाती है वह अन्य तक इसे प्रेषित करने का प्रयास करें ताकि इसका लाभ पात्र छात्र-छात्राओं को मिल सके।



बालाघाटः अंजुमन इस्लामिया कमेटी अध्यक्ष बालाघाट हाजी फारूख ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड शिक्षा नीति (पढ़ो, पढ़ाओं एवं राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बनो) के संबंध में पारित निर्णय के परिपालन में एवं वाकिफ की मंशा (दानकर्ता की इच्छा और शर्ते) के अनुसार मुस्लिम आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को वक्फ बोर्ड द्वारा प्रत्येक जिले में वक्फ संपत्तियों की प्रबंध व्यवस्था हेतु गठित जिला वक्फ कमेटी एवं प्रबंध समितियों द्वारा वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले जो आगे पढ़ाई जारी रखता चाहते हो परन्तु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जानी है। छात्रवृत्ति कक्षा ग्यारहवी, बारहवी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट आदि की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को मदद के रूप में जिला स्तरीय मेरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनकी संस्था के बैंकिंग के माध्यम से दी जानी है। गत वर्ष जिन छात्र छात्राओं की 11वीं कक्षा में वक्फ छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरकर जमा करें वे छात्र-छात्रायें जिनको गत वर्ष इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त हुई थी। अब वे कक्षा बारहवी में अध्ययनरत है। वे भी अपना आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा करें। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा बनाये गये जिला इकाई कार्यालय अंजुमन स्कूल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राप्त कर सकते है। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी,2026 है।

### 'कुप्रबंधन' के पास संजीवनी 108 का प्रबंधन

## 108 नहीं मिलने पर कटंगी अस्पताल में हुआ बवाल

हरिभूमि न्यूज कटंगी। सरकारी अस्पताल कटंगी में शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे जमकर बवाल हुआ है। सड़क हादसे में घायल होने वाले कुछ लोगों को यहां उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। परंतु घायलों को जिला अस्पताल जाने के लिए सरकारी अस्पताल से सरकारी एंबुलेंस यानी संजीवनी 108 नहीं मिल पाई। इसी बात को लेकर यहां पर जमकर बवाल मचाया। बात इतनी बिगड़ गई की अस्पताल कर्मचारियों को पुलिस को सूचना देना पड़ा। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जैसे-तैसे बवाल को शांत करवाया। वहीं दूसरी तरफ घायल के परिजनों ने प्राइवेट वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। आखिरकार यह नौबत क्यों आई जब इस बात की पड़ताल की गई तो पता चला की संजीवनी 108 का प्रबंधन ही 'कुप्रबंधन' के पास है। यानी जिनके कंधों पर संजीवनी 108 का बेहतर संचालन करने की जिम्मेदारी है वह इसमें गंभीर लापरवाही बरत रहे हैं। लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कटंगी अस्पताल की संजीवनी 108 बीते 15 दिनों से जिला मुख्यालय बालाघाट में मरम्मत के नाम पर वर्कशॉप में खड़ी है और तिरोड़ी अस्पताल की कंडम हो चुकी संजीवनी 108 को कटंगी अस्पताल में लाकर खड़ा कर दिया गया है। इस वाहन का ड्राइव सॉफ्ट और टायर खराब है। संजीवनी 108 के चालक भी इस बात को कबूल करते है कि इस वाहन से भी लंबी दूरी तय करना खतरों से खाली नहीं है। सूत्रों की माने तो जिला प्रबंधक 108 के चालकों को अपने हिसाब से यानी स्वयं के पास के पैसों से गाड़ी की मरम्मत करवाने के लिए कहते है। वहीं जब जिला प्रबंधक शुभम लिल्हारे से इस पूरी लापरवाही को लेकर दूरभाष पर चर्चा की तो वह सवालों को टाल-मटोल कर अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए नजर आए। बहरहाल, कटंगी सहित जिले में बदहाल होती संजीवनी 108 की व्यवस्था पर कलेक्टर मृणाल मीणा को संज्ञान लेने की जरूरत है। शायद तभी यह व्यवस्था सुधर पाएगी।



**मात्र 2 बीएलएस के भरोसे डेढ़ लाख की आबादी:** गौरतलब हो कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब संजीवनी 108 की स्थिति ऐसी बनी है। इसके पहले भी कई बार यह नौबत देखी गई है। अति आवश्यक सेवा की श्रेणी में शामिल संजीवनी 108 के लगभग सभी वाहनों की हालत इतनी खराब है कि वाहन चालक और ईएमटी अपनी जान जोखिम में डालकर इसमें सेवाएं दे रहे है। कागजों में भले ही वाहन पूरी तरह से फीट है किंतु हकीकत में इनकी हालत खराब है और यह वाहन इसमें सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के लिए यमराज है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जिला मुख्यालय बालाघाट से करीब 45 और 60 किमी की दूरी वाली कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र जिसकी आबादी करीब डेढ़ लाख के आस-पास है उसके लिए मात्र 2 बीएलएस संजीवनी 108 वाहन है। जबकि महज 15 किमी. की दूरी वाली वारासिवनी के पास एएलएस जैसी एंबुलेंस सेवा मौजूद है। कटंगी क्षेत्र में एक भी एएलएस एंबुलेंस नहीं होने पर कई बार गंभीर रुप से घायल मरीज को जिला अस्पताल ले जाते वक्त ही दम तोड़ने की घटनाएं हो चुकी है। ऐसे में कई बाद एएलएस एंबुलेंस की मांग भी शासन-प्रशासन से की गई किंतु किसी ने इस मांग पर ध्यान नहीं दिया।

जिला प्रबंधक का भले ही संजीवनी 108 के वाहनों के रख-रखाव पर ध्यान नहीं है किंतु उन्होंने शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर संजीवनी 108 को मोटा पैसा कमाने का जरिया बना लिया है। जैसा कि संजीवनी 108 को दूरी के हिसाब से भुगतान होता है। इसलिए जब कभी कटंगी अस्पताल के किसी घायल या मरीज को इमरजेंसी में नागपुर या जबलपुर के रेफर किया जाता है तब कटंगी की संजीवनी 108 को भेजने की बजाए बालाघाट से भेजा जाता है ताकि 45 किमी. की अतिरिक्त लंबी दूरी दिखाकर अतिरिक्त पैसा कमाया जा सकें।


## सेठिया केयर हॉस्पिटल में दादाबाड़ी जैन स्कूल के बच्चों का किया गया निशुल्क नेत्र परीक्षण

### 70 से अधिक बच्चों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दादाबाड़ी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट के स्कूली बच्चों के नेत्र परीक्षण निशुल्क किया गया। यह जांच दो दिवस तक चली जिसमें 6 एवं 7 फरवरी को विद्यालय के कक्षा 8 वीं एवं 9 वीं के बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण हनुमान चौक स्थित सेठिया केयर हॉस्पिटल में किया गया, जिसमें नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांश सेठिया ने लगभग 70 बच्चों की आंखों की जांच की। विशेषज्ञ डॉ. श्रेयांश सेठिया ने कहा कि स्कूल में बच्चों की आँखों की नियमित जाँच हर साल उनके सीखने की प्रक्रिया के लिए बहुत ज़रूरी है, क्योंकि स्कूली शिक्षा में अध्ययन अध्यापन पूर्णतः दृष्टि पर आधारित होता है। जांच में धुंधली दृष्टि, दूर दृष्टि दोष, निकट दृष्टि दोष या आँखों में थकान, पानी आना जैसी सामान्य समस्याओं का पता लगाकर समय पर उपचार किया जा सकता हैं। जाँच के साथ ही सभी बच्चों को आँख की सुरक्षा, स्वच्छता सावधानी नियमित जांच पर समझाइश दी गई, जिस किसी बच्चे को आँख की समस्या है उनके अभिभावक को जानकारी दी जाएगी एवं उनके उपचार की सलाह दी जायेगी।इस अवसर पर अभय सेठिया, श्रीमती मंजू सेठिया, प्राचार्या एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।



## श्री शिव सांई मंदिर में रामकथा, श्रीराम दरबार प्रतिमा की स्थापना व सांई मन्नत भंडारा

**बालाघाट**। शहर के मध्य में देवी तालाब के किनारे स्थित श्री शिव सांई मंदिर परिसर में मन्नत भंडारा समिति के तत्वाधान में 09 से 17 फरवरी,2026 तक श्रीराम कथा व श्रीराम दरबार प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें 09 फरवरी दिन सोमवार को श्रीराम दरबार प्रतिमा का नगरभ्रमण, कलशधारी महिलाओं व बच्चियों के साथ श्याम बैंड, मनीष परिहार गुरप द्वारा चलित भजन संध्या व कथा व्यास पं. परिणित कृष्ण दुबे जी भी शोभा यात्रा में शामिल होगें। शोभा यात्रा सांय 4 बजे श्री शिव सांई मंदिर से प्रारंभ होकर महावीर चौक, राजघाट चौक से पुराने राम मंदिर के सामने से लिबर्टी टेलर्स, कृष्णा डेयरी के सामने से गोंदिया रोड होकर हनुमान चौक पहुंचेगी, वहां से मेन रोड, श्याम मॉल, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक होते हुए वापस श्री शिव सांई मंदिर पहुंचेगी। जहां पर व्यासपीठ में पुराण स्थापना की जायेगी।

### भाजयुमो का अभूतपूर्व आयोजन, ऐतिहासिक बजट की सराहना

## केंद्रीय बजट को लेकर पीएम श्री पीजी कालेज में हुआ युवा संवाद




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नाकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे के मार्गदर्शन, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अभूतपूर्व आयोजन में युवा संवाद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य, राज्य मंत्री मौसम बिसेन मुख्य वक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट रविंद्र वैद्य, उद्योगपति अतुल वैद्य, प्राचार्य अशोक मरठे, भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश सेवईवार, भाजपा जिला आईटी सह संयोजक मोनिल जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने किया वहीं आभार मोहित राणा ने माना। इस अवसर पर मुख्य रूप से जैनेन्द्र कटरे, विशाल मंगलानी, अमन गांधी, मोहित राणा, दीपक लिल्हारे, ऋषभ भाटिया, रंजीत गोयल, प्रज्जवल चौरसिया, राहुल जेमी जमईवार, सिद्धार्थ बाजपेयी सहित महाविद्यालय स्टाफ़, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जहां युवाओं ने ऐतिहासिक बजट 2026 की सराहना करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। दौरान उमड़े युवाओं के समूह ने अपनी जिज्ञासा और बजट को लेकर समाधान जाना।

### युवा शक्ति का बजटः मौसम बिसेन

युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग मौसम बिसेन ने केंद्रीय बजट 2026 की सराहना करते हुए कहा इसे युवा शक्ति का बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह बजट युवाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखेगा। मौसम बिसेन ने युवाओं से अपील की कि वे अपने नवाचार को रुकने न दें। सरकार सीएम युवा शक्ति योजना और अन्य माध्यमों से हर कदम पर युवाओं के साथ खड़ी है।

### उद्योग जगत के लिए संजीवनीः अतुल वैद्य

युवा संवाद कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध उद्योगपति अतुल वैद्य ने बजट 2026 पर अपने विचार साझा करते हुए इसे व्यापार और उद्योग जगत के लिए संजीवनी बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की उद्योग-मित्र नीतियों और इस बजट के प्रावधानों से बालाघाट जैसे जिलों में औद्योगिक विकास की नई लहर आएगी। अतुल वैध ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, प्रदेश की बेहतर नीतियों के कारण ही उन्होंने बालाघाट में एथेनॉल प्लांट की स्थापना की, जिसकी क्षमता अब बढ़कर 4 लाख लीटर प्रतिदिन की जा रही है।

### आत्मनिर्भर, विकसित भारत की आधारशिलाः रविंद्र वैद्य

वक्ता के रूप में उपस्थित जिले के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट रविंद्र वैद्य ने बजट 2026 का विश्लेषण करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बताया। उन्होंने तकनीकी बारीकियों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए नए वित्तीय अवसर पैदा करेगा। सीए रविंद्र वैद्य ने कहा, बजट में कर प्रणाली के सरलीकरण और पारदर्शिता की सराहना की। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे केवल सरकारी योजनाओं पर निर्भर न रहें, बल्कि वित्तीय प्रबंधन और निवेश की बारीकियों को समझकर आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें।

### युवाओं के लिए रोजगार की गारंटीः जैनेन्द्र कटरे

भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने सारगर्भित संचालन में कहा, अब समय आ गया है जब बालाघाट का युवा केवल संसाधनों पर निर्भर न रहकर अपनी प्रतिभा, नवाचार और स्टार्टअप्स के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। जैनेन्द्र ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी है।

### आ अब लौट चलें गांव की ओर क्योंकि मेरा गांव मेरा तीर्थ

## स्व राजू चौकसे की स्मृति मे दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा। लगातार 8 वर्षो से उकवा मैदान की पावन धरा पर स्व राजू चौकसे स्मृति मे दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है इसी कड़ी मे सद्भावना टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष विलेजर्स क्रिकेट क्लब पोड़ी द्वारा कराया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रमजीवी पत्रकार संघ उकवा के पत्रकारो की उपस्थिति में।आ अब लौट चले गांव की ओर,मेरा गांव मेरा तीर्थ की तर्ज पर 1990 के दशक मे उकवा नगर में अध्ययनरत अलग-अलग टीमों से खेलने वाले क्रिकेट खिलाड़ी जो आज देश विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्हे खेल के माध्यम से एक मंच में लाने के उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाता है ।जिसमे देश के कोने कोने से वो सभी साथी सपरिवार दो दिन के लिए क्रिकेट के बहाने पारिवारिक मित्र मिलन हेतु संपूर्ण भारत से उकवा पहुंचकर अपनी पुरानी यादों को ताजा करते है।इस वर्ष यह दो दिवसीय आयोजन जिसमें 10 टीम में भाग ले रही है जिनका सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट 7 एवं 8 फरवरी को सूर्या मैदान उकवा में चल रहा है। कल शनिवार को खेले गए 12-12 ओवरो के इन मैचो मे विजेता रही उकवा ईलेवन,ए सी सी सोनपुरी, प्रिंस क्रिकेट क्लब उकवा,ग्रीन स्टार टीमों का आज होगा फाइनल मुकाबला । आज सुबह 9 बजे विलेजर्स क्रिकेट क्लब पोड़ी एंव डॉ ईलेवन के बीच खेला जाएगा पहला मैच, कल उपविजेता रही यह टिमे यू सी सी,इमानवेल क्लब,ब्लूज क्लब एंव आई सी सी। रात्रि में मेहमान खिलाड़ियों के मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा सुधीर नाइट का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । पूरे टूर्नामेंट में चौके छक्के लगते ही छत्तीसगढ़ से बुलाए गए चियर्स लीडरो ने अपने शानदार नाच से दर्शक एवं खिलाड़ियों का भरपूर मनोरंजन किया ।

### चंपालाल जी चौहान का निधन

हरिभूमि न्यूज हट्टा। ग्राम केशलेवाड़ा पूर्व सरपंच, पूर्व बीडीसी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अग्रणी राजनेता, कार्यकर्ता के रूप में विख्यात श्री चंपालाल जी चौहान का आज 6 बजे लंबी बीमारी से लगभग 90 वर्ष की अवस्था में देहांत हो चुका है। आज दिनांक 08/02/26 को प्रात 10 बजे अंतिम संस्कार मोक्षधाम केशलेवाड़ा में किया जाना है।आपका जाना एक ऐसा राजनीतिक शून्य स्थापित कर गया, जिसकी भरपाई असंभव है। आपका व्यक्तिक, राजनीतिक, सामाजिक जीवन सदैव ही पथ प्रदर्शक रहा। आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर इस से विदा हुए।

